भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 3211
गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के तहत हवाई मार्ग

3211. डॉ. धर्मवीर गांधीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उड़ान योजना के तहत 31.10.2025 तक स्वीकृत सभी क्षेत्रीय संपर्क मार्गों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उड़ान योजना के तहत 31.10.2025 तक इन सभी क्षेत्रीय संपर्क मार्गों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्रवार परिचालन स्थिति सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) उड़ान मार्गों के आरंभ होने के बाद से राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार उनमें से कितने मार्गों को समय से पहले बंद कर दिया गया तथा इनके बंद किये जाने के क्या कारण हैं;

(घ) उक्त योजना के तहत विकसित ऐसे कितने विमानपतन हैं जिन पर वर्तमान में नियमित उड़ान सेवा नहीं है; और

(ङ) इन कमियों को दूर करने और उड़ान मार्गों की व्यवहार्यता सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के तहत अवॉर्ड किए गए, प्रचालनरत और बंद हो गए मार्गों की राज्यवार सूची अनुलग्नक में दी गई है।

3 वर्ष की अवधि से पहले मार्गों को बंद करने के प्रमुख कारणों में कोविड-19 महामारी, विमान की कमी, आपूर्ति श्रृंखला की समस्याएँ, विमान रखरखाव, हवाईअड्डे/रनवे रखरखाव, कुछ मार्गों पर कम यात्री मांग आदि शामिल हैं।

(घ) और (ङ.): आज की तारीख में, उड़ान योजना के तहत चौदह हवाईअड्डे प्रचालनरत नहीं हैं, जिसका कारण हैं तीन साल की रियायत अवधि का पूरा होना, खराब दृश्यता की स्थिति, केवल वीएफआर वाले हवाईअड्डों पर दिन में रनवे पर प्रतिबंध, विमान की कमी, पट्टे की दिक्कतें, एयरलाइनों द्वारा अस्थायी रूप से सेवाएं बंद करना, मार्गों में नवीनता और कम यात्री भार ।

इन मार्गों पर निर्बाध उड़ान प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए, सरकार एयरलाइनों को व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) प्रदान करती है, क्षेत्रीय हवाईअड्डों के उन्नयन में सहायता करती है, और परिचालन संबंधी लचीलेपन को प्रोत्साहित करती है।

इसके अलावा, पिछले बोली दौरों में बंद हो गए मार्गों के लिए भी बाद के दौरों में पुनः बोली प्रक्रिया में शामिल किया जाता हैं, अवॉर्ड किया जाता हैं और कार्यशील किया जाता है। इसके अलावा, सभी मौसम में प्रचालन के लिए सुसाध्य हवाईअड्डों पर विशेष दृश्य उड़ान नियम और उपकरण उड़ान नियम (आईएफआर) मानकों जैसी प्रौद्योगिकियों को अपनाने जैसे कदम भी उठाए गए हैं।

अनुलग्नक

आरसीएस-उड़ान के तहत राज्य-वार अवॉर्ड किए गए, प्रचालनरत और बंद हो गए मार्गों का विवरण

	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अवॉर्ड किए गए मार्गों की संख्या	प्रचालनरत मार्गों की संख्या	3 वर्ष से पहले बंद हो गए मार्गों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	6	0	0
2	आंध्र प्रदेश	19	18	3
3	अरुणाचल प्रदेश	16	10	3
4	असम	59	36	12
5	बिहार	12	10	3
6	चंडीगढ़	6	3	0
7	छत्तीसगढ़	14	13	2
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	11	5	0
9	दिल्ली	22	19	2
10	गोवा	11	7	0
11	गुजरात	57	44	9
12	हरियाणा	4	3	2
13	हिमाचल प्रदेश	47	23	4
14	जम्मू और कश्मीर	4	2	1
15	झारखंड	12	5	3
16	कर्नाटक	71	66	11
17	केरल	15	12	0
18	लद्दाख	0	0	0
19	लक्षद्वीप	18	1	0
20	मध्य प्रदेश	28	27	4

21	महाराष्ट्र	75	65	4
22	मणिपुर	24	13	1
23	मेघालय	11	9	1
24	मिजोरम	11	2	0
25	नगालैंड	17	4	0
26	ओडिशा	23	18	3
27	पुदुचेरी	1	1	0
28	पंजाब	21	17	5
29	राजस्थान	37	31	7
30	सिक्किम	6	3	1
31	तमिलनाडु	24	14	1
32	तेलंगाना	30	29	2
33	त्रिपुरा	7	3	0
34	उत्तर प्रदेश	96	57	20
35	उत्तराखंड	81	60	16
36	पश्चिम बंगाल	27	21	3

*****